वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 110 | शुक्रवार 18 अगस्त 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## हसन हैदर ने शहनाई से बहाई सुरों की गंगा

### श्रुति मंडल के स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत, राग गोरख कल्याण का किया आगाज



**जयपुर. कासं।** जयपुर में श्रुति मंडल और कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग की ओर से स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उस्ताद बिस्मिल्लाह खां को समर्पित यह समारोह महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित किया गया। पहले दिन हसन हैदर खां का शहनाई वादन कार्यक्रम आयोजित हुआ। शहनाई के सुरो से मांगलिक वाद्य शहनाई सुरीला हो गया हसन हैदर ने अपनी असरदार श्वास से वाद्य को चैतन्य कर दिया। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरूआत राग गोरख कल्याण से की। उन्होंने तीन ताल मध्यलय में शहनाई के सुरों को सुरीली ढ़ंग से पेश किया कि दर्शक वाह-वाह कर उठे। इसके बाद उन्होंने झुमरा ताल, 14 मात्रा में शहनाई के सुर छेड़ कर उस्ताद बिस्मिल्ला खान साहब की याद को ताजा कर दिया। इसके बाद उन्होंने एक धुन पहाड़ी में बजाई और बिस्मिल्लाह खान साहब की कुछ चीरपरिचित धुने जैसे कजरी, दादरा, चेती सुना कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इनके साथ शहनाई पर जाकिर हुसैन, सुर शहनाई पर जाहिद अली, तबला पर प्रीतम चक्रवर्ती और दुक्खड पर सिद्धु ने असरदार संगत की। समारोह में दूसरे दिन 18 अगस्त को पीऊ मुखर्जी का गायन होगा।

# नमस्ते जयपुर में दिखी थाई ज्वैलरी की चमक

### 6 से 10 सितम्बर को आयोजित होगा 68वां बैंकॉक जेम्स एंड ज्वेलरी शो, जयपुर के ज्वैलरी होगी शोकेस

**जयपुर**

डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड प्रमोशनल (डीआईटीपी) और जैम एंड ज्वैलरी इंस्टीट्यूट ऑफ थाईलैंड (जीआईटी) की ओर से 6 से 10 सितंबर 2023 तक बैंकॉक में 68वां बैंकॉक जैम एंड ज्वैलरी शो आयोजित होगा। इसी के तहत जयपुर में नमस्ते जयपुर का आयोजन किया गया। इस दौरान एक स्पेशल फैशन शो का आयोजन किया गया। इसमें मॉडल्स ने थाईलैंड ज्वैलरी के नए और मॉर्डन कलेक्शन को शोकेस किया। जहां डीजे म्यूजिक की बीट्स पर मॉडल्स ने आकर्षक अंदाज में ज्वैलरी को प्रस्तुत की। इस दौरान जयपुर के नामचीन ज्वैलर्स और एग्जीबिटर्स मौजूद रहे। जीआईटी के उप निदेशक सिथिचाई परिन्यानुसोर्न ने बताया कि 68वां बैंकॉक जैम एंड ज्वैलरी शो क्वीन सिरिकिट नेशनल कन्वेंशन सेंटर (क्यूएसएनसी), बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित किया जाएगा। इसमें 2400 बूथ लगेंगे, जिनमें 1100 एग्जीबिटर्स हिस्सा लेंगे। इस बार 15 हजार विजिटर्स हिस्सा लेने की उम्मीद है और इसमें करीब तीन हजार मिलियन भाट का बिजनेस हाने की उम्मीद है। थाई ट्रेड सेंटर, नई दिल्ली की निदेशक सैथॉन्ग सोइफेट ने बताया कि भारत थाईलैंड के रत्न और आभूषण निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में खड़ा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. चेतन कुमार मेहता ने बताया कि बैंकॉक जैम एंड ज्वैलरी शो में भाग लेने और अपने लोगों को करीब लाने और अपना व्यवसाय बढ़ाने का इससे बेहतर अवसर नहीं हो सकता। भारत और थाईलैंड दोनों रत्न और आभूषण व्यवसाय में वैश्विक केंद्र बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस मौके पर ज्वैलर्स एसोसिएशन, जयपुर के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद खंडेलवाल, नवरतन कोठारी, प्रमोद अग्रवाल, अशोक माहेश्वरी, राजीव जैन, अरविंद गुप्ता, राजेश बजाज, प्रमुख, रीना शुक्ला मौजूद रहे।



# एक मंच पर जुटे दस्तकार, सजा उत्पादों का संसार

### जवाहर कला केन्द्र में दस्तकार, बुनकर, डिजाइनर्स ने डिस्प्ले किए क्रिएटिव कलेक्शन

**जयपुर. कासं।** जवाहर कला केन्द्र और कम्युनिटी ड्रीमर्स के संयुक्त तत्वावधान में कला संसार के तहत गुरुवार से दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई। अलंकार कला दीर्घा में आयोजित 'द अगस्त शो' प्रदर्शनी में दस्तकार, बुनकर, डिजाइनर्स, आंत्रप्रेन्योर्स ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। यहां प्रदर्शित सभी उत्पादों ने तारीफें बटोरी। प्रदर्शनी का उद्घाटन कला एवं साहित्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, राजसिको चेयरमैन राजीव अरोड़ा और मेवाड़ के पूर्व राजघराने की निवृत्ति कुमारी ने किया। गायत्री राठौड़ ने कहा कि इस दो दिवसीय आयोजन में चालीस से अधिक स्टॉल्स लगाई गई हैं। ऐसे में नए एंटरप्रेन्योर्स को एक बड़ा प्लेटफॉर्म मुहैया करवाया गया है। जवाहर कला केंद्र ऐसे कलाकारों, दस्तकारों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। राजीव अरोड़ा ने कहा कि इस आयोजन से मैं बहुत प्रभावित हूं। नई पीढ़ी हमारे राजस्थान की प्राचीन कला को सीखने की कोशिश कर रही है, उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का प्रयास कर रही है।



### एक छत के नीचे सजे कई उत्पाद

ऐग्जीबिशन में कपड़े, ज्वेलरी, हैंड ब्लॉक, हैंड मेड स्टोन, फैशन, पर्स, गृह सज्जा के उत्पादों से जुड़ी करीब चालीस स्टॉल्स लगाई गईं। प्रदर्शनी में शिरकत करने पहुंचे शहरवासियों ने एक तरफ जहां सजाए गए उत्पादों की तारीफ की, वहीं इस तरह के आयोजन की प्रशंसा की, जिससे दस्तकारों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। इसके बाद गुरुवार शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी संस्कृति की अनोखी छटा नजर आई।

# आयंबिल तप एवं गुणगान से मनाया गया, श्रमण संघ के आचार्य का जन्मजयंती समारोह अहिंसा भवन शास्त्री नगर में मनाया





## मानवता के मसीहा थे, श्रमण संघ के आचार्य आनन्द ऋषि महाराजः साध्वी प्रितीसुधा

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

जैसा नाम वैसा काम था आचार्य आंनद ऋषि जी महाराज का। बुधवार को अहिंसा भवन शास्त्री नगर मे प्रखर वक्ता डॉ.प्रिती सुधा ने श्रमणसंघ के दित्तीय पटट्धर आचार्य आनन्द ऋषि जी महाराज कि 123 वीं जन्मजयंती समारोह मे गुणगान करतें हुए श्रध्दांलूओ से कहा कि आनंद ऋषि मानव के देवता और गरीबों के मसीहा थे। महाराष्ट्र के छोटे गांव मे जन्म लेकर श्रमण संघ के आचार्य बने। आचार्य श्री ने धर्म से विमुख हो चुके प्राणीयों को धर्म कि राह दिखाई आचार्य श्री के पास अनेकों भक्त रोते हुए आते थे और हंसते -हंसते विदा होते थे आचार्य श्री कि जन्म जयंती मनाना तभी सार्थक होगा जब हम उनके बताये धर्म के मार्ग चलेगे तभी हमारा जन्मोत्सव मनाना सार्थक सिध्दि हो सकता है। साध्वी मधूसुधा ने कहा कि आचार्य श्री करूणा के देवता मानव के मसीहा थे। नवदिक्षीता साध्वी संयमसुधा ने भजन के माध्यम से भाव व्यक्त कियें। आचार्य आनंद ऋषि जी महाराज कि जन्म जयंती के उपल्क्षय मे दौ चालीस भाई -बहनों ने साध्वी प्रितीसुधा की प्रेरणा पर सामूहिक रूप अहिंसा भवन शास्त्री नगर आयंबिल तप के प्रत्याख्यान लिए। आयंबिल तप आयोजन के मुख्य लाभार्थी ओमप्रकाश-अंजना सिसोदिया,अशोक-मंजू पौखरना, हेमन्त-उमा आंचलिया का अहिंसा भवन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बाबेल,रिखबचंद पीपाड़ा कुशलसिंह बूलिया, हिम्मतसिंह बाफना राजेंद्र चीपड़ आदि पदाधिकारियों और चंदनबाला महिला मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल,महामंत्री रजनी सिंघवी सुनिता झामड़,मंजू बाफना लता कोठारी,लाड़ मेहता,अन्नू बापना,अंकिता सांड आदि सभी ने आयंबिल तप के लाभाथीयो का पगड़ी शोल माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान महिला मंडल की बहनो द्वारा आनन्द ऋषि के जीवन पर नाटिका मंचन किया गया और श्री संघ एवं महिला मंडल पदाधिकारियों ने आचार्य आनन्द ऋषि के गुणवान कियें।

प्रवक्ता निलिष्का जैन, भीलवाड़ा

# दो दिवसीय राजस्थानी सिनेमा महोत्सव 23 अगस्त से

## लीजेन्डस स्मृति में 20 कैटेगरी के दिए जाएंगे अवार्ड



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान सिने विकास संघ द्वारा राजस्थानी सिनेमा महोत्सव सीजन-2 का आयोजन 23-24 अगस्त को सेलिब्रेशन मॉल एवं अशोका ग्रीन में आयोजित होगा। बता दें, राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई राजस्थानी फिल्म प्रोत्साहन नीति को बढ़ावा देने के प्रयोजन से पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थानी सिनेमा विकास संघ एवं एम स्क्वायर प्रोडक्शन एण्ड इवेंटस के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस महोत्सव में राजस्थानी सिनेमा के लीजेन्डस की स्मृति में 20 कैटेगरी में अवार्ड दिए जाएंगे। महोत्सव को लेकर गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई। राजस्थानी सिनेमा विकास संघ संरक्षक विपिन तिवारी ने बताया कि यह समारोह राजस्थानी सिनेमा के उन लोगों को समर्पित है जिन्होंने अपना पूरा जीवन राजस्थानी सिनेमा को आगे बढ़ाने में खपा दिया और अभी भी जी जान से जुटे हुए हैं। **दो दिन होगा महोत्सवः** मुकेश माधवानी ने बताया कि राजस्थानी सिनेमा महोत्सव के दूसरे सीजन में पहले दिन 23 अगस्त को ज्यूरी द्वारा चुनी गई राजस्थानी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान राजस्थानी सिनेमा की दिशा और दशा पर सेमिनार भी होगी। महोत्सव के दूसरे दिन यानी 24 अगस्त की शाम अशोका गीन उदयपुर में अवार्ड समारोह में बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट हीरो/ हीरोईन सहित बीस कैटेगरी में अवार्ड दिए जाएंगे। इस दौरान मुम्बई और राजस्थानी फिल्मों के दिग्गज सेलिब्रेटी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देगें।

# जे एस जी वीनस ने जरूरतमंदों को भोजन कराया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप वीनस जयपुर द्वारा सामाजिक कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद को निशुल्क भोजन कराया। जैन सोश्यल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के स्थापना दिवस 17 अगस्त (फेडरेशन डे) के अवसर पर नॉर्दन रीजन के आह्वान पर आयोजित आश्रय सेवा सप्ताह (13 से 20 अगस्त) के तहत गुरुवार 17 अगस्त 2023 को ''जरूरतमंद को भोजन'' कार्यक्रम के अंतर्गत इंद्रा रसोई जयपुरिया अस्पताल के बाहर अहसाय और गरीब जरूरत मंद व्यक्तियों को प्रातःकालीन भोजन की व्यवस्था जैन सोश्यल ग्रुप वीनस द्वारा की गई। इस अवसर पर शैलेन्द्र शाह (चीकू), महेंद्र गिरधरवाल, रविन्द्र- रचना बिलाला,अक्षय जैन ( बंटी मोदी ), नितिन जैन, मनीष लुहाड़िया, अजय बड़जात्या, हरीश जैन, महेंद्र सोगानी, सुनील अंजू सेठी, सुरेन्द्र रतनप्रभा जैन, संदीप सोगानी,राजीव जैन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के पुण्यार्जक अनिल , नितिन और विपिन जैन बनेठा वाले थे।

# 48 दिवसीय भक्तामर पाठ स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से प्रारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर, महारानी फार्म में 48 दिवसीय भक्तामर पाठ का शुभारंभ स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को रात्रि 8:00 बजे से शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम संयोजिका अनीता बड़जात्या, डॉ अनीता वैद , विमला जैन एवं ज्योति जैन के अनुसार सर्वप्रथम णमोकार महामंत्र पाठ के पश्चात मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, उपाध्यक्ष अरुण शाह, मंत्री राजेश जैन, सदस्य संतोष रावका, पारसमल झांझरी तथा अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन द्वारा दीप प्रज्वलन किया। **तत्पश्चात 48 दिन के पुण्यार्जक परिवार:** संजय नीलम ठोलिया, पवन शोभा सेठी ,बसंत अतीव बाकलीवाल ,राजेश चैताली बोहरा, संतोष कांता बांस्खो वाले, सुनील जी लता जी सोगानी सारसमल जी पदम जी झांझरी, अशोक विमला पापड़ीवाल, सुनील सोगानी शिल्पी सोगानी, 15 अगस्त 2022 के पुण्यार्जक राजकुमार प्रशांत बाकलीवाल, नेमी चांद काला, अशोक सुशीला एचपीसीएल निर्मल अनिल गदिया, अनिल कल्पना सोनी, विमल एडवोकेट सरोज बाकलीवाल, कमल राजुल बोहरा, धूप इंदु शाह आदि परिवारों द्वारा दीप प्रज्वलन कर पाठ का शुभारंभ कराया। युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया की उक्त पाठ प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से रिद्धि सिद्धि मंत्रों दीपकों के साथ किया जाएगा उपरोक्त 48 दिवसीय भक्तामर पाठ गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा।

# जीवन में कायम करों श्रद्धा का रिश्ता जिसमें नहीं हो सकता विश्वासघात : शास्त्री

## भरोसा तोड़ देना आम बात हो जाने से विश्वास का रिश्ता कमजोर हो गया

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा ।विश्वास हर जगह किया जा सकता पर श्रद्धा का रिश्ता हर जगह नहीं होता है। श्रद्धा का रिश्ता देव, गुरू, परमात्मा या किसी श्रद्धेय के साथ ही होता है।उसका कभी घात नहीं होता है। श्रद्धा का दूसरा अथ आस्था भी होता है। हमारी आस्था ही हमे भगवान से जोड़े रखती है। इसके विपरीत विश्वास के रिश्ते में भरोसा कायम रह भी सकता है और विश्वासघात भी हो सकता है। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय श्री रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के अधीन शहर के माणिक्यनगर स्थित



रामद्वारा धाम में वरिष्ठ संत डॉ. पंडित रामस्वरूपजी शास्त्री (सोजत सिटी वाले) ने गुरुवार को चातुर्मासिक सत्संग प्रवचनमाला के तहत व्यक्त किए। उन्होंने गर्ग संहिता के माध्यम से चर्चा करते हुए कहा कि विश्वास व्यक्ति किसी पर भी कर सकता है।



# देश की आजादी में जैन शहीदों, श्रावको का योगदान रहा : मुनिश्री आदित्य सागर महाराज



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा । 15 अगस्त को आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य श्रुत सवेंगी श्रमण मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में 77 वे स्वतंत्रता दिवस उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। प्रातः शिवाजी पार्क से तिरंगा यात्रा बैंड बाजों के साथ निकली। पुरुष श्वेत वस्त्र में, महिलाएं केसरिया साड़ी में राष्ट्रध्वज लिए जयकारा करते चल रहे थे। तिरंगे रंगों के दुपट्टे, पगड़ी पहने हुए थे। बड़ी संख्या में पुरुष- महिलाएं, युवा उमंग उत्साह देखते ही बन रहा था। तिरंगा यात्रा मंदिर प्रांगण पर पहुंची। जहां गुब्बारों फरियों से सजा रखा था। दिलीप अजमेरा के संचालन में आयोजित स्वतंत्र दिवस कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोधा ने राष्ट्रध्वज को फहराया। भारत माता की जय हो, वंदे मातरम के नारों से सारा वातावरण गूंज उठा। इस उपरांत सजे-धजे पंडाल में श्रुत सवेंगी मुनिश्री आदित्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में स्वतंत्रता दिवस महोत्सव पर कई देशभक्ति के गीतो के सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर मुनि श्री आदित्य सागर महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि 76 वर्ष पूर्व भारतवासियों का देश आजाद हुआ। उसमें धर्म का हिस्सा भी रहा। सरहदों पर सैनिकों ने जो रक्षा की है। उसे भुलाया नहीं जा सकता। यदि देश की रक्षा नहीं होगी, तो धर्म की रक्षा कैसे होगी। मुनिश्री ने कहा कि 1857 में ग्वालियर में अमरचंद बाठिया जैन श्रावक को चौराहे पर गोली मार दी थी। शरीर वही लटका रहा। देश की आजादी में जैन श्रावकों की महती योगदान रहा। मुनीश्री ने कहा कि आज पाश्चात- पश्चिमी सभ्यता अपना कर विदेशी वस्तुएं खरीद रहे हैं। देश को पुनः परतंत्र कर रहे हैं। मुनिश्री ने कहा कि मुनी से सीखो धैर्य क्या होता है। तुम भी मुनि बन सकते हो। दुख- सुख में मध्यस्थता रखें।

## वेद ज्ञान

### आस्था भक्त के पास ईश्वरीय अनुकंपा की अमोघ शक्ति

आस्था के फूल हृदय की पवित्रता रूपी क्यारी में उगे मनोहारी पौधे पर ही खिल सकते हैं। वही आस्था लक्ष्य को पाने में समर्थ हो सकती है, जिसकी जड़ें मौलिकता की खाद से उर्वरा शक्ति पाती हैं। मन के मैलेपन से विकसित और पनपी प्रवृत्ति व्यक्ति को किसी भी मुकाम पर छोड़ देने के लिए विवश हो सकती है। आस्था भक्ति, प्रेम, अपनत्व व आनंद की आधारशिला है। आस्था के पवित्र सरोवर में खिले भावकमल ही प्रभुकृपा का उत्तम प्रसाद पाने के एकमात्र अधिकारी हैं। आस्था की दृढ़ता अपने और अपने आराध्य के मध्य मिलन की दूरी व खाई को पाट देती है। आस्था अपने मंतव्य, गंतव्य व आराध्य को पाने की वह जादुई डोरी है, जिसकी शक्ति, भक्ति व सामर्थ्य से प्रभु, प्रेमी व लक्ष्य स्वयं ही उसकी ओर आकर्षित होते चले आते हैं। आस्था अपने साथ विश्वास, नैतिकता, मूल्य व जीवटता को लेकर चलती है। आस्था भटकते राहगीरों और जीवन-सागर में दिशाहीन होकर क्रूर समय के थपेड़े खाते मानव व जीव समुदाय को सही राह दिखाती है। सच तो यह है कि आस्था के बगैर कोई भी व्यक्ति जीवन लक्ष्य में आनंद व खुशी पाने की कल्पना नहीं कर सकता। आस्था सतोगुणी मूल्यवान सृष्टि की रचना करती है, जिसका उद्देश्य विशुद्ध रूप से आराधना में पवित्रता के साथ-साथ जीवन को एक उत्तम उद्देश्य के लिए प्रेरित करना होता है। आस्था की प्रबलता प्रभु की अपने प्रति करुणा और प्रीति के बढ़ने की द्योतक होती है। उत्साह भी आस्था की ही आत्मजा है, जो इससे प्रेरणा पाकर प्रभु मिलन व उनके साक्षात्कार में सहायक होती है। आस्था, पवित्र भावों की वह मंदाकिनी है, जिसमें स्नान करने की लिए देवगण स्वयं ही उत्कंठित रहते हैं। आस्था ही भक्ति व भक्त का कवच है। पावन आस्था की ही परिणति है कि प्रभु राम व माता सीता सदैव अपने भक्त पवनपुत्र हनुमान के हृदय में ही विराजमान रहते हैं। आस्था भक्त के पास ईश्वरीय अनुकंपा की अमोघ शक्ति है, जिससे वह किसी भी पावन जीवन-लक्ष्य की प्राप्ति में सफल हो सकता है। जीवन के अनमोल वैभवों को पाने और आत्मिक व असली आनंद प्राप्ति का मूल मंत्र आस्था है। समृद्धि, खुशहाली, भौतिक, आध्यात्मिक उन्नति और आनंद की जीवन-डोर है आस्था।

## संपादकीय

# आम लोगों की समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह उपलब्धियों के साथ-साथ अनेक स्तर पर खड़ी चुनौतियों पर बात की, उससे यही संदेश सामने आया है कि वे आने वाले वक्त में भी अपनी सक्रियता में कमी नहीं करने वाले हैं। यों आमतौर पर उनके भाषणों में समग्रता से तमाम मुद्दों पर बात होती है, उनका विस्तार होता है और उससे आगे बढ़ने की दृष्टि होती है, लेकिन इस बार स्वतंत्रता दिवस पर फिर उन्होंने फिर यही दर्शाया है कि देश में समस्याओं की व्यापकता के बरक्स उनका मोर्चा अभी कमजोर नहीं हुआ है। यह प्रधानमंत्री के रूप में लगातार उनका दसवां संबोधन था, जिसमें उन्होंने देश को यह आश्वासन देने की कोशिश की कि हर तरह की समस्याओं का हल निकाला जाएगा और उनकी नजर से कुछ छूट नहीं रहा है। मसलन, पिछले दिनों मणिपुर में अशांति और हिंसा पर उनके जवाब की मांग लेकर विपक्ष ने मोर्चा खोला था।



लेकिन लाल किले से संबोधन में उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत में ही मणिपुर में हिंसा को लेकर चिंता जाहिर की और कहा कि केंद्र सरकार अब राज्य के साथ मिल कर समाधान के प्रयास कर रही है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर भारत की जो सकारात्मक छवि बनी है, उसके लिए लगातार किस स्तर के प्रयास किए गए, वह अब जगजाहिर है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने आने वाले दशकों में देश के तिरंगे को विकसित भारत का प्रतीक बनाने का जनता से आह्वान किया। खासतौर पर उन्होंने तीस साल के कम के युवाओं के महत्त्व का जिस अर्थ में जिक्र किया, उसे बेहतरीन क्षमताओं के सार्थक उपयोग के संकेत के तौर पर देखा जा सकता है। यह भविष्य के सपने के साथ-साथ आम लोगों का मनोबल ऊंचा करने की कोशिश भी है। इस क्रम में सरकार की स्थिरता के महत्त्व का जिक्र करते हुए उन्होंने पिछले दो आम चुनावों में मजबूत सरकार के गठन और सुधारों में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। स्वाभाविक ही इसमें नौकरशाही की भी जिम्मेदारी रही और इसे भी वे नहीं भूले। भविष्य की दृष्टि में अतीत की कमजोरियों की पहचान एक अहम पहलू रही है। इसलिए प्रधानमंत्री की इस बात की अहमियत को भी समझा जा सकता है कि देश के अतीत में गुलामी की दुखद तस्वीरें है तो भविष्य में असीम संभावनाएं हैं। आने वाले दशकों में दुनिया के तमाम देशों में अर्थव्यवस्था ही टिकाऊ विकास की धुरी रहने वाली है। इस लिहाज देखें तो एक बार फिर प्रधानमंत्री के इस दावे को भविष्य के आईने में देखा जाएगा कि दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को दसवीं से उठा कर पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाया गया। इसके समांतर वैश्विक स्तर पर महंगाई एक गंभीर चुनौती के रूप में दिख रही है और भारत भी इससे जूझ रहा है। एक बड़ी उपलब्धि का मोर्चा देश में आतंकवाद की समस्या से निपटना रहा, जिसमें प्रधानमंत्री की इस बात पर गौर किया जा सकता है कि आज देश में आतंकी हमलों में कमी आई है और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बदलाव आया है। पिछले कुछ सालों में एक अहम पहलू महिलाओं के सशक्तीकरण को लक्षित कार्यक्रम रहे हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# अनुशासित रहें!

पिछले कुछ समय से टीवी चैनलों पर किसी मुद्दे पर बहस के कार्यक्रम की प्रस्तुति के तौर-तरीके को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे आरोप भी सामने आए कि किसी खास मुद्दे पर बहस के नाम पर लोगों के बीच उत्तेजना फैलाने की कोशिश की गई और बहसों को इस तरह प्रस्तुत किया गया, जिससे भ्रम फैला। ऐसा कई बार सिर्फ ज्यादा दर्शकों को अपनी ओर खींच कर कमाई और मुनाफा बढ़ाने के लिए भी किया जाता है। कुछ समय बाद संबंधित कार्यक्रम से जुड़े वास्तविक तथ्य सामने आ भी जाते हैं, तो टीवी चैनल इसकी बहुत फिक्र नहीं करते। दरअसल, स्व-नियामक तंत्र होने के तमाम दावों के बावजूद अव्वल तो ऐसे कार्यक्रमों के प्रभाव की अक्सर अनदेखी कर दी जाती है, फिर अगर कभी इन्हें कठघरे में खड़ा किया भी जाता है तो इसमें अधिकतम जुमार्ना एक लाख रुपए ही है, जो कमाई के अनुपात में काफी कम है। गौरतलब है कि एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को टीवी चैनलों के कामकाज को अनुशासित रखने के लिए स्थापित स्व-नियामक तंत्र के अप्रभावी होने को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। अदालत ने साफतौर पर कहा कि सन 2008 में ही तय नियमों के तहत अब भी महज एक लाख रुपए का जुमार्ना नाकाफी है और जुर्माने का आनुपातिक संबंध चैनल के विवादित कार्यक्रम से होने वाली कमाई से होना चाहिए। शीर्ष अदालत की ओर से भारी जुर्माने की वकालत दरअसल इस हकीकत से जुड़ी हुई है कि टीवी चैनल किसी समाचार या घटना को प्रस्तुत करते हुए कई बार नाहक ही विवाद या सनसनीखेज शक्ल देकर पेश करने से नहीं हिचकते। शायद उन्हें यह पता होता है कि अगर वे इसके लिए कठघरे में खड़े हुए भी तो जुर्माने की निर्धारित अधिकतम राशि उनके लिए बहुत कम है। कुछ साल पहले अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत की खबरों की प्रस्तुति के दौरान टीवी चैनलों पर उन्माद पैदा करने तक के आरोप लगे थे। उसके बाद बंबई हाईकोर्ट ने टीवी चैनलों के स्व-नियमन को नाकाफी बताते हुए इसे सख्त बनाने की बात कही थी। सही है कि मीडिया के अन्य माध्यमों की तरह टीवी चैनल भी समाचारों को जनता तक पहुंचाने का एक अहम जरिया होते हैं, इसलिए संभव है कि उनके खिलाफ सख्ती की कवायद को अभिव्यक्ति को भी बाधित करने की कोशिश के तौर पर देखा जाए। लेकिन इसके महत्त्व को कायम रखने की जवाबदेही खुद टीवी चैनलों पर भी है। सवाल है कि टीवी चैनलों की वह हद क्या हो, ताकि पत्रकारिता की गरिमा बची रहे और आम लोगों का विवेक और ज्ञान भी समृद्ध हो, उसके आधार पर वे किसी सही निष्कर्ष तक पहुंच सकें। कायदे से स्व-नियमन के जरिए टीवी चैनलों को खुद ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी निष्पक्षता कठघरे में न खड़ी हो। मगर यह छिपा नहीं है कि आए दिन किसी खास समाचार की प्रस्तुति को लेकर कुछ टीवी चैनल इस स्तर तक आक्रामक दिखते हैं कि लोग मुद्दे के वास्तविक संदर्भ से दूर होकर भ्रमित हो जाते हैं। इस रुख का प्रभाव कई बार संवेदनशील स्थितियां पैदा कर देता है। हालांकि कुछ टीवी चैनलों की इस प्रकृति पर लगाम लगाने को लेकर स्व-नियामक तंत्र के साथ-साथ ठोस पहल के लिए आवाजें उठती रही हैं।

# अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन नसीराबाद इकाई का शपथ ग्रहण समारोह हुआ आयोजित

रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। स्वाधीनता दिवस की शाम को नसीराबाद न्यायालय परिसर स्थित पेंशनर समाज के भवन में अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन की नसीराबाद इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राजेश वर्मा व छावनी परिषद वेरिड बोर्ड के सदस्य सुशील गदिया थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष शारदा मित्तलवाल गोमा, राजस्थान पेंशनर समाज नसीराबाद शाखा अध्यक्ष गजानंद शर्मा व वरिष्ठ पत्रकार इकरामुद्दीन चौहान ने कार्यक्रम में उपस्थिति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुकेश वैष्णव ने की। कार्यक्रम का आगाज अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ किया।एसोसिएशन के इकाई अध्यक्ष अनिल लोहरे के नेतृत्व में पत्रकारों की टीम ने अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर व पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष मित्तल वाल का शाल ओढ़ाकर परम्परागत ढंग से स्वागत किया। इस अवसर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में पत्रकारों से निष्पक्ष निर्भीक और सटीक पत्रकारिता करते हुए आधिकारिक व पुख्ता जानकारी मुहैया कराकर क्षेत्र के सवार्गीङ् विकास में योगदान देने का मशवरा दिया । वहीं वरिष्ठ पत्रकार राजेश वर्मा ने पत्रकार बन्धुओं के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए सलाह दी कि जब तक आधिकारिक ओर पुष्ट जानकारी नहीं मिल जाती है । खबरें प्रकाशित करने मे जल्द बाजी न करें , क्योंकी अक्सर अधूरी जानकारी लोगों को भृमित कर देती है । वहीं कई बार तो खबर का असर ही नकारात्मक हो जाता है। इस लिए सम्बन्धित अधिकारी और विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी को ही समाचार का स्वरूप दें । सामाजिक कार्यकर्ता हरीश गोमा ने पत्रकार कॉलोनी सहित पत्रकार हित की योजनाओं की मौजूदा स्थिति की जानकारी देने के साथ ही पत्रकार कॉलोनी का मामला अर्से से लम्बित होने पर अफसोस जताया ।जिलाध्यक्ष मुकेश वैष्णव ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए आगामी कार्य कलापों की जानकारी दी और कार्यक्रम के अन्त में सभी अतिथियोंका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रोहित जैन,अनिल लोहरे , दिलीप राय, राजेश राज, दिलीप सेन, विजय जैन, जीतेन्द्र सिंह राठौड़, जगदीश चौधरी , रतन लाल खाती , योगेन्द्र बूलचंदानी , कमल मेहरा , मणिकांत शर्मा सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।




# श्री 1008 श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सोनियान समिति पुरानी टोंक के चुनाव संपन्न हुए

## भागचंद जैन अध्यक्ष चुने गए



राजेश जैन ' अरिहंत'. शाबाश इंडिया

**टोंक।** जैन मंदिर सोनियान समिति पुरानी टोंक के चुनाव मंगलवार को संपन्न हुए। कमल कासलीवाल टोड़ा वाले एवं अशोक छाबड़ा ने बताया कि मंदिर समिति के सदस्यों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष भागचंद जैन किलेदार, मंत्री अशोक जैन छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मनोज जैन सोनी को चुना गया। पूर्व अध्यक्ष रमेश छाबड़ा एवं सुनील सोनी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कमल कासलीवाल, आशीष डोशी, मनोज पाटनी, तेज छाबड़ा, मनीष कोठारी, सुशील पाटनी, निर्मल पाटनी, कालू छाबड़ा, राजकुमार सोनी आदि मौजूद थे ।

# जे एस जी हेरिटेज सिटी की चार दिवसीय यात्रा सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जे एस जी हेरिटेज सिटी जयपुर की चार यात्रा दिनाँक 11अगस्त से 15 अगस्त तक 28 सदस्यों के साथ ग्रुप अध्यक्ष नितिन पाटनी और ग्रुप सचिव अरुण पाटनी के कुशल नेतृत्व में निर्विघ्न सम्पन्न हुई। 28 सदस्यों के इस काफिले ने दुर्गापुरा रेल्वे स्टेशन से रात्रि 8.30 पर जयपुर - बांद्रा एक्सप्रेस से बड़ोदरा के लिये प्रस्थान किया। संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज,पूर्व अध्यक्ष मुकेश कसलीवाल एवं शान्ति काला ने हरी झण्डी दिखाकर मंगल शुभकामनाओं के साथ सभी यात्रियों को माला पहनाकर रवाना किया। बड़ौदा में बस के माध्यम से कुछ ही दूरी पर स्थित ओमकार श्वेताबर जैन मंदिर के दर्शन कर Unity of रिसोर्ट पहुंचे। यहाँ से सभी केवड़िया पहुंचे। नर्मदा नदी के किनारे पर बनी सरदार वल्लभ भाई पटेल की इस 180 मीटर लम्बी गगनचुम्बी विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा को देखकर सब आश्चर्य चकित रह गये। इतने खूबसूरत दृश्य को अपने-अपने कैमरे में कैद कर शाम को लेजर शो का और बटरफ्लाई गार्डन एवं ग्लो गार्डन का आनन्द लेने के बाद निरवाना होटल में शाम का भोजन करने के पश्चात सभी लोग रात्रि विश्राम के लिये अपने रिसोर्ट पहुंचे। सुबह 13 तारीख को जंगल सफारी के लिये गये। यहाँ विविध प्रांतों के विचित्र तरह के जानवरों को देखने के बाद हरे रंग की खूबसूरत पत्तों की बार्डर से नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से बनी भूलभुलैया का आनन्द लिया। तत्पश्चात बहुत ही खूबसूरत कैकटस गार्डन के सुन्दर नजारे को देखकर वापस रिसोर्ट आये। सभी दम्पत्ती सदस्यों ने शाम को क्रूज में भरपूर मस्ती और डांस किये। क्रूज में डिनर कर सभी रिसोर्ट पहुंचे। रात्रि विश्राम कर अगले दिन सुबह 14 तारीख को सभी ने स्विइमिंग पूल में डांस के साथ साथ खूब मस्ती की और 10 बजे तक चेक आउट कर सभी ने जैन सिद्ध क्षेत्र पाँवागढ़ के लिये प्रस्थान किया। रास्ते में नर्मदा नदी के डैम पर एन्जॉय करके पाँवागढ़ पहुंचे। वहाँ महावीर दि. जैन मंदिर के दर्शन कर सभी ने भक्तामर पाठ का सस्वर वाचन किया। मंदिर जी में एक दीवार घड़ी भेंट स्वरुप दी गई।



# श्री दिगम्बर जैन महासमिति संभाग बारां ने किया पौधरोपण




**बाराँ. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति संभाग बाराँ ने पौधरोपण किया। अध्यक्ष चन्द्रकला सेठी ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा व हरियालो बाराँ की परिकल्पना के साथ नसिया जी परिसर शाहबाद रोड पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। सचिव सरला जैन के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ णमोकार महामन्त्र के साथ किया। स्वागत वंदन के पश्चात हर सिंगार, नीम, अमरूद, जामुन आदि के पौधों को रोपा गया। आगामी 21 अगस्त को संस्था द्वारा एक समाज स्तरीय विशाल लहरिया महोत्सव व खाना खजाना कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी सभी सदस्यों को दी गई जिसमे मुख्य प्रभारी जो कि संस्था में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी है को बनाया गया। सह प्रभारी संतोष कासलीवाल व रानी नोपड़ा को बनाया गया है। प्रभारी टीम ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका जिला प्रमुख उर्मिला जैन रहेगी, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि व अध्यक्ष पद को गोल्ड मेडलिस्ट श्रीमति माणक सेठी करेगी। संस्था के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में अपनी पूर्ण सक्रिय जिम्मेदारी निभाने की बात कही। कार्यक्रम में सोनिया चादवाड़, चन्द्रकला पाटनी, मैना बड़जात्या, चन्द्रेश बड़जात्या, शकुंतला सोनी, सरिता बड़जात्या, रूपकुमारी जैन, कुसुम बज, श्वेता गंगवाल मंजू सोनी सहित सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गति प्रदान की।

# कैपिटल ग्रुप, जयपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण की भावना बहाई गई...



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल, जयपुर द्वारा जैन सोश्यल ग्रुप, इंट.फेडरेशन, के स्थापना दिवस 17अगस्त (फेडरेशन डे) के अवसर एवं जे एस जी आई एफ नॉर्दर्न रीजन के आव्हान पर अयोजित फेडरेशन डे और आश्रय सेवा सप्ताह के अंतर्गत 16 अगस्त को पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम के तहत श्याम नगर स्थित विवेक विहार जैन मंदिर के सामने स्मृति पार्क मे विभिन्न प्रजातियों के 05 से 08 फीट की ऊंचाई वाले एक ही प्रजाति के 24 वृक्षों के साथ साथ करीब 150 फल, एवं छायादार पेड़ रोपित कर, कैपिटल ग्रुप, जयपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण की भावना बहाई गई। एक ही प्रजाति के 24 वृक्षों की संख्या का चयन कैपिटल ग्रुप की स्थापना के 24 वर्ष पूर्ण के संदर्भ मे भी लिया गया। कार्यक्रम पुण्यार्जक ग्रुप कोषाध्यक्ष डॉ. मनीष अनिता जैन रहे। कार्यक्रम मे रीजन चैयरमैन महेन्द्र सिंघवी का सानिध्य प्राप्त हुआ, साथ ही ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष सुभाष-शकुन्तला जैन, अध्यक्ष अनिल-प्रेमा राँवका, पूर्व अध्यक्ष सुधीर गंगवाल, नवीन नलिनी जैन, उपाध्यक्ष राजेन्द्र जैन, सचिव प्रमोद- सुनीता जैन के साथ-साथ ग्रुप कार्यकारिणी सदस्य विनोद सुधा जैन, राजकुमार काला के साथ स्थानीय निवासियों ने भी अपने हाथों से वृक्ष रोपित कर सहयोग प्रदान किया।








# महावीर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद द्वारा संचालित श्री महावीर दिगम्बर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय, महावीर पब्लिक स्कूल, श्री महावीर कॉलेज एवं श्री पद्मावती जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 77वे स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान हाई कोर्ट के न्यायाधिपति समीर जैन रहे। शिक्षा परिषद के अध्यक्ष श्री उमराव मल संघी, संरक्षक अशोक जैन नेता, मानद् मंत्री सुनील बख्शी, उपाध्यक्ष मुकुल कटारिया, सुरेंद्र कुमार पांडया, संयुक्त सचिव कमल बाबू जैन, कोषाध्यक्ष महेश काला, कार्यकारिणी सदस्य रुपिन काला मनीष बैद, राजेंद्र बिलाला, विनोद जैन कोटखावदा, महावीर कॉलेज के कन्वीनर प्रमोद पाटनी, श्री महावीर दिगम्बर जैन उच्च माध्यमिक



विद्यालय के कन्वीनर पी. सी. छाबड़ा एवं महावीर स्कूल के कन्वीनर सुदीप ठोलिया ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, राजस्थान युवा महासभा के अध्यक्ष प्रदीप जैन ''लाला'' आदि सम्माननीय अतिथिगण मौजूद थे। श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के मानद् मंत्री सुनील बख्शी ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों क स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधिपति समीर जैन ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए ध्वजारोहण किया एवं आसमान में तिरंगामय गुब्बारे छोड़े ।संस्था अध्यक्ष उमराव संघी ने अपने उद्बोधन में युवा पीढ़ी से भारत के निर्माण हेतु आगे आने का आह्वान किया। श्री महावीर दिगम्बर जैन माध्यमिक विद्यालय, महावीर पब्लिक स्कूल, श्री महावीर कॉलेज एवं श्री पद्मावती जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति नृत्य एवं गीत की प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने आशीर्वचन में सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ने का एवं कामयाबी के शिखर पर चढ़ने का आशीर्वाद दिया एवं शैक्षिक, सह-शैक्षिक एवं खेल कूद की गतिविधियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पारितोषिक प्रदान किये गए। उन्होंने विद्यार्थियों,अध्यापकों एवं मैनेजमेंट को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।समारोह के अंत में श्री महावीर दिगम्बर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय की आचार्या श्रीमती रेणु गोस्वामी ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# अपने खानपान में सुधार करके हम हार्ड अटैक से बच सकते हैं



भारत में 3000 साल पहले एक बहुत बड़े ऋषि हुये थे। नाम था महाऋषि वागभट्ट जीउन्होंने एक पुस्तक लिखी, जिसका नाम है, अष्टांग हृदयम Astang hrudayam इस पुस्तक में उन्होंने बीमारियों को ठीक करने के लिए 7000 सूत्र लिखें थे। यह उनमें से ही एक सूत्र है। वागभट्ट जी लिखते हैं कि कभी भी हृदय को घात हो रहा हैमतलब दिल की नलियों मे blockage होना शुरू हो रहा है तो इसका मतलब है कि रक्त blood में acidity अम्लता बढ़ी हुई है अम्लता आप समझते हैं, जिसको अँग्रेजी में कहते हैं acidity अम्लता दो तरह की होती है एक होती है पेट की अम्लता और एक होती है रक्त blood की अम्लता आपके पेट में अम्लता जब बढ़ती है तो आप कहेंगे पेट में जलन सी हो रही है, खट्टी खट्टी डकार आ रही हैं , मुंह से पानी निकल रहा है और अगर ये अम्लता acidity और बढ़ जाये तो hyperacidity होगी और यही पेट की अम्लता बढ़ते-बढ़ते जब रक्त में आती है तो रक्त अम्लता blood acidity होती है और जब blood में acidity बढ़ती है तो ये अम्लीय रक्त blood दिल की नलियों में से निकल नहीं पाती और नलियों में blockage कर देता हैतभी heart attack होता है इसके बिना heart attack नहीं होता और ये आयुर्वेद का सबसे बढ़ा सच है जिसको कोई डाक्टर आपको बताता नहीं क्योंकि इसका इलाज सबसे सरल है ! इलाज क्या है ? वागवट जी लिखते हैं कि जब रक्त (blood) में अम्लता (acidity) बढ़ गई है तो आप ऐसी चीजों का उपयोग करो जो क्षारीय हैं आप जानते हैं दो तरह की चीजें होती हैं अम्लीय और क्षारीय ! acidic and alkaline अब अम्ल और क्षार को मिला दो तो क्या होता है ? acid and alkaline को मिला दो तो क्या होता है ? neutral होता है सब जानते हैं तो वागवट जी लिखते हैं कि रक्त की अम्लता बढ़ी हुई है तो क्षारीय (alkaline) चीजें खाओ ! तो रक्त की अम्लता (acidity) neutral हो जाएगी ! और रक्त में अम्लता neutral हो गई ! तो heart attack की जिंदगी मे कभी संभावना ही नहीं !ये है सारी कहानी ! अब आप पूछेंगे कि ऐसी कौन सी चीजें हैं जो क्षारीय हैं और हम खायें ? आपके रसोई घर में ऐसी बहुत सी चीजें है जो क्षारीय हैं जिन्हें आप खायें तो कभी heart attack न आए और अगर आ गया है तो दुबारा न आए यह हम सब जानते हैं कि सबसे ज्यादा क्षारीय चीज क्या हैं और सब घर मे आसानी से उपलब्ध रहती हैं,तो वह है लौकी जिसे दूधी भी कहते हैं English में इसे कहते हैं bottle gourd जिसे आप सब्जी के रूप में खाते हैं ! इससे ज्यादा कोई क्षारीय चीज ही नहीं है ! तो आप रोज लौकी का रस निकाल-निकाल कर पियो या कच्ची लौकी खायो वागभट्ट जी कहते हैं रक्त की अम्लता कम करने की सबसे ज्यादा ताकत लौकी में ही है तो आप लौकी के रस का सेवन करें, कितना सेवन करें? रोज 200 से 300 मिलीग्राम पियो कब पिये ? सुबह खाली पेट (toilet जाने के बाद) पी सकते हैं या नाश्ते के आधे घंटे के बाद पी सकते हैं इस लौकी के रस को आप और ज्यादा क्षारीय बना सकते हैं इसमें 7 से 10 पत्ते तुलसी के डाल लो तुलसी बहुत क्षारीय है इसके साथ आप पुदीने के 7 से 10 पत्ते मिला सकते हैं पुदीना भी बहुत क्षारीय है इसके साथ आप काला नमक या सेंधा नमक जरूर डाले ये भी बहुत क्षारीय है लेकिन याद रखें नमक काला या सेंधा ही डाले वो दूसरा आयोडीन युक्त नमक कभी न डाले ये आयोडीन युक्त नमक अम्लीय है तो आप इस लौकी के जूस का सेवन जरूर करें 2 से 3 महीने की अवधि में आपकी सारी heart की blockage को ठीक कर देगा।21 वें दिन ही आपको बहुत ज्यादा असर दिखना शुरू हो जाएगा कोई आपरेशन की आपको जरूरत नहीं पड़ेगी घर में ही हमारे भारत के आयुर्वेद से इसका इलाज हो जाएगा और आपका अनमोल शरीर और लाखों रुपए आपरेशन के बच जाएँगे।आपने पूरी पोस्ट पढ़ी , आपका बहुत बहुत धन्यवाद।



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सीकर ने स्वतंत्रता दिवस मनाया




**सीकर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सीकर द्वारा अहिंसा सर्किल पर स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम विजयी रविश्व तिरंगा प्यारार आयोजित किया गया। इसकी पूर्व संध्या पर अहिंसा सर्किल पर की गई आकर्षक सजावट व सेल्फी प्वाइंट पर शाम से सकल जैन समाज व अन्य लोगों का हुजूम देर रात तक लगा रहा। देशभक्ति की धुन पर सभी ने झूमकर, डांस करके देशभक्ति को सेलिब्रेट किया। प्रातः जैन समाज के ख्यातनाम चिकित्सक डॉ. वी के जैन के मुख्य आतिथ्य व जैन समाज व अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति में तिरंगा झंडारोहण व सामूहिक राष्ट्रगान का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम को सानंद संपन्न करने के लिए सकल जैन समाज का बहुत-बहुत आभार।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया

## लहरिया उत्सव भी भव्य रूप में मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह व लहरिया उत्सव भव्य रूप में मनाया। ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 15 अगस्त 2023 को दुर्गापुरा जैन मंदिर प्रांगण में झंडा रोहण जतन कुमार सेठी- श्रीमती विद्या देवी सेठी, दीप प्रज्वलन महेंद्र कुमार अजमेरा- श्रीमती मैना देवी अजमेरा एवं आकर्षक राखियों का वितरण ग्रुप संरक्षक सुभाष सेठी - श्रीमती वन्दना सेठी के सौजन्य से सभी सदस्यों को की गई । विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुधा सेठी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। कौशल्या , रानी पाटनी, साधना गोधा, राजकुमारी सोगानी, सुनिला पहाड़िया एवं मैना देवी अजमेरा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति में देशभक्ति एवं सावन



के गीतों पर आधारित प्रोग्राम प्रस्तुत किया गया ।जो सभी सदस्यों को बहुत पसंद आया अतः सदस्यों द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु इनाम दे कर सम्मानित किया गया । ग्रुप की ओर से सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं को आकर्षक लहरिया की साड़ी दी गई। श्रीमान ज्ञानचंद जैन , थड़ी मार्केट वालों की ओर से ब्लड डोनेशन कैंप में भरपूर सहयोग किया जाने पर सम्मानित किया गया। राकेश कुमार जैन - श्रीमती प्रभा जैन के सौजन्य से अमरूद एवं अनार की 500' कोल्ड ड्रिंक की बोतले सभी सदस्यों को वितरित की गई। राजस्थान रीजन,जयपुर के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, महावीर बाकलीवाल, सुरेश जैन बांदीकुई, कैलाश सेठी, राजेंद्र कुमार बाकलीवाल एवं शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका सन्मति ग्रुप उपाध्यक्ष राकेश संघी की गौरवमय उपस्थिति । राजस्थान रीजन के पदाधिकारियों द्वारा ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल को श्रेष्ठ मानव सेवा, श्रेष्ठ मनोरंजन कार्यक्रम, श्रेष्ठ धार्मिक सेवा, श्रेष्ठ चिकित्सा सेवा, श्रेष्ठ प्रचार प्रसार सेवाओं के लिए अवार्ड दिया जाकर सम्मानित किया गया। सभी सदस्यों द्वारा कार्यक्रम की बहुत तारीफ की गई। मंच संचालन प्रोफेसर सुशीला टोंग्या एवं चंद्रकांता छाबड़ा द्वारा किया गया। अंत में सचिव गिरीश कुमार जैन द्वारा सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं लंच के लिए आमंत्रित किया गया।

# फागी व्यापार महासंघ की मांग पर क्षेत्रीय सांसद भागीरथ चौधरी ने किए 10 लाख रुपए तत्काल स्वीकृत



**फागी. शाबाश इंडिया।** व्यापार महासंघ की मांग पर क्षेत्रीय सांसद भागीरथ चौधरी ने व्यापारियों एवं आम जनके हित हेतु सार्वजनिक कार्यों के लिए 20 लाख रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की थी, जिसकी अनुपालना में फागी व्यापार महासंघ के अध्यक्ष कुलदीप श्रीमाल की अगुवाई में व्यापार महासंघ कार्यकारिणी का प्रतिनिधि मंडल सांसद भागीरथ चौधरी के मदनगंज किशनगढ़ स्थित निजी आवास पर पहुंचा, सांसद महोदय को ज्ञापन के द्वारा ज्ञात कराया गया कि मुख्य तिराहा जयपुर भीलवाड़ा रोड पर एवं फागी दूदू रोड पर मुख्य चौराहे पर मेन बाजार में अंधेरा रहता है, जिससे आपराधिक गतिविधियों की संभावना बनी रहती है, इस वजह से यहां पर दोनों जगह हाई मास्क लाइटें , एवं सीसी टीवी कैमरे लगाकर बाजार को वह आम जन को सुरक्षित करने की सख्त जरूरत है, सांसद महोदय अपनी घोषणा के अनुरूप इस विषय पर मंथन करके तुरंत दस लाख रुपए की सहायता राशि की सार्वजनिक कार्यों के लिए घोषणा की, और बताया कि 10 लाख रुपए का उपयोग होने के बाद 10 लाख रुपए की ओर स्वीकृति प्रदान करवा दी जाएगी। सांसद महोदय के द्वारा उक्त घोषणा पर व्यापार महासंघ ने बहुत-बहुत आभार जताया, साथ ही व्यापारियों ने मांग की कि सरमथुरा -फलोदी नेशनल हाईवे वाया चाकसू, फागी, दूदू, सांभर रुट का सुदृढ़ीकरण करवाया जावे ऐसा करने से यह रूट पास हो जाने से आवागमन हेतु लाखों आदमियों को फायदा होगा, जिसकी अनुपालना में सांसद महोदय ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही इसका सर्वे करवा कर काम शुरू करवा दिया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में फागी व्यापार महासंघ के अध्यक्ष कुलदीप श्रीमाल, महामंत्री अनिल जैन कठमाना, उपाध्यक्ष विष्णु प्रधान, अशोक जैन कागला, सलीम जारोली, गिर्राज झराना, गिर्राज भाकर, रमेश काटवा, राधेश्याम सोयल, संगठन मंत्री पिंटू शर्मा, कोषाध्यक्ष कमलेश जैन कठमाना, सह कोषाध्यक्ष मंगल व्यास, तथा महासंघ के प्रवक्ता राजाबाबू गोधा सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद थे।

# जिला स्तरीय समारोह में विशिष्ट लोक अभियोजक राजेन्द्र सिंह राठौड़ सम्मानित



**अजमेर. शाबाश इंडिया**

पुलिस लाइन में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त सी आर मीना व जिला कलेक्टर डॉक्टर भारती दीक्षित ने जिला एवं सत्र न्यायालय के एनडीपीएस मामला के विशिष्ट लोक अभियोजक राजेंद्र सिंह राठौड़ नांद को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

# स्वतंत्रता दिवस पर विश्व शांति के लिए विशेष शांतिधारा का आयोजन






**झुमरीतिलैया. शाबाश इंडिया**

मंगलवार को स्वतंत्रा दिवस महा महोत्सव पूरा देश में मनाया गया। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री सहित सभी राज्यों के मुख्यमंत्री , राजनेता सहित देश के सभी जैन विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ 77वां महोत्सव के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर झुमरीतिलैया में विश्व शांति हेतु जैन संत पूज्य मुनि श्री सुयश सागर जी मुनिराज के मुखारविंद से 1008 नाम से विश्व शांति धारा जयकुमार गंगवाल, मानिकचंद, मनोज सेठी परिवार के द्वारा किया गया।इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा देश में स्वतंत्रता दिवस की आजादी जब मिलेगी जब भारत देश के लोगो को सुख और समृद्धि आ जाये।इसके लिए देश के लोगो को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना होगा इससे देश भी आगे बढ़ेगा।साथ ही अभी देश में लगातार आपात स्थिति आ रही है जिसमें भूकंप,बाढ़ ,बादल का फटना आदि आदि का मूल कारण जंगल की कटाई ओर पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है इस अवसर पर जैन संत मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज ने कहा कि इस महामंत्र की शांतिधारा से पूरे विश्व में शांति आएगी और देश मे हरियाली के लिए पूरे देश के हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाना चाहिए जिससे आने वाले वर्षों में वापस हरियाली देश में आएगी ओर हमारा भारत देश हरा भरा हो जाएगा ।संध्या में मुनि श्री के मुखारविंद से प्रतिदिन की भाती णमोकार चालीसा हो रहा है इसी क्रम में स्वतंत्रता दिवस की एक झलकियां जिसमें समाज के पुरुष वर्ग श्वेत में महिलाएं और बालिका केसरिया और हरे रंग में रंगे हुए थे सभी हाथों में झंडा लेकर मुनि श्री का स्वागत एवमं भारत माता की जय कारो का गुणगान किया गया।इसके बाद भारत देश के संबंध में प्रश्न मंच हुवा जिसमे समाज के सभी लोगो ने भाग लिया और इनाम जीता।इन सभी कार्यक्रम में विशेष रूप से मंत्री जैन ललित सेठी, सह मंत्री जैन राज छाबडा,चातुर्मास संयोजक जैन नरेंद झांझरी,जैन सुनीता सेठी,जैन ममता सेठी,जैन राजीव छाबडा, जैन सुमित सेठी,जैन शैलेश सेठी(शैलू), जैन दीपाली पाटोदी, चहेती जैन आदि सेकड़ो लोग इस स्वतंत्रा दिवस में शामिल हुए।

**कोडरमा मीडिया प्रभारी जैन राज कुमार अजमेरा,नवीन जैन**

इंडस जयपुर हॉस्पिटल
टेक्नोलॉजी पार्क के पास, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर। फोन: 0141-2780970
NABH ACCREDITED
एवं
सेहत साथी फाउण्डेशन एवं
श्री 1008 शांतिनाथ, दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट पुराना, बगराना, आगरा रोड, जयपुर।
के संयुक्त तत्वावधान में
विशाल निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच एवं रक्तदान शिविर
स्थान:-शांतिनाथ दिगंबर जैन मन्दिर ट्रस्ट, बगराना
दिनांक:- 20 अगस्त 2023 (रविवार), समय:-प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
जनरल फिजिशियन
अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ
नाक, कान गला विशेषज्ञ
निःशुल्क - ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ई.सी.जी., BMD
RGHS
चिरंजीवी
कैंप कोर्डिनेटर
डॉ. सुनील कुमार जैन
डॉ. अविनाश
आग्रहकर्ता
श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मन्दिर ट्रस्ट एवं समस्त सकल दिगम्बर जैन समाज, बगराना
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
आशीष यादव - 8741951413, मयूरेश पाटनी - 9928587303
www.indusjh.com induscare@indusjh.com
राज्य सरकार के कर्मचारियों / पैंशनर्स, CGHS, ESIC, CAPF,रेल्वे, आयुष्मान भारत, GIPSA, Insurance एवं अन्य प्रमुख TPAs से ईलाज के लिए अधिकृत अस्पताल

# मांगलिक वाद्य से हुआ श्रुति मंडल का स्थापना दिवस समारोह

## शहनाई से बहने लगी सुरो की गंगा




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** शहनाई के सुरो से हुआ सुरीला मांगलिक वाद्य शहनाई को अपनी असरदार श्वास से चैतन्य किया कोलकाता के शहनाई कलाकार हसन हैदर खा ने। श्रुति मंडल के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत संध्या के पहले दिन कोलकाता के शहनाई कलाकार हसन हैदर खान अपने कार्यक्रम की शुरूआत राग गोरख कल्याण से की ।उन्होंने तीन ताल मध्यलय में शहनाई के सुरो को इतने सुरीली ढंग से पेश किया कि दर्शक वाह-वाह कर उठे ।इसके बाद उन्होंने झुमरा ताल, 14 मात्रा में शहनाई के शुरू को छेड़ कर उस्ताद बिस्मिल्लाह खान साहब की याद को ताजा कर दिया ।इसके बाद उन्होंने एक धुन पहाड़ी में बजाई और बिस्मिल्लाह खान साहब की कुछ चीरपरिचित धुने जैसे कजरी, दादरा, चेती सुना कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। **इनके साथ तबले पर प्रीतम चक्रवर्ती:** दुकड़ पर नजिम हुसैन, सपोर्ट शहनाई में जाकिर हुसैन, मोहम्मद जाहिद अली और मास्टर जैन अब्बास खान ने शहनाई बजाकर कार्यक्रम को सुनीला बना दिया।तानपुरे पर दीपक और आयाम ने संगत की ल हसन हैदर खान ने शहनाई की तालीम उस्ताद अली अहमद हुसैन खान से प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन अनंत व्यास ने किया और सभी का आभार व्यक्त किया प्राचीन सुराणा ने।

# इंदौर नगर की शान मिनी महापौर काव्य जैन सम्मानित



**राजेश जैन दद्दू.शाबाश इंडिया**

**इंदौर।** स्वच्छता प्रहरी और नन्ही महापौर के नाम से अपनी पहचान बना चुकी कु.काव्या जैन ने कथक नृत्य से अमेरिका की ट्रांसओसियाना वर्ल्ड रिकाड्र्स के साथ अनेक वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर देश,नगर, जैन समाज का गौरव बढ़ाया ।साथ ही कई राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में अनेक प्रदेश और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये और मानव सेवा के अनुकरणीय कार्य किये इसी उपलब्धि के लिये काव्या जैन को 77 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के गौरव शाली केबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट ओर इंदौर जिलाधीश इलैयाराजा टी.जी ने परेड ग्राउंड में काव्य जैन का जिला प्रशासन की ओर से सम्मान किया ।काव्या की इस उपलब्धि से जैन समाज भी गौरवान्वित हुआ दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन, अमित कासलीवाल राकेश विनायका, सुशील पांड्या, हंसमुख गांधी टीके वेद राजेश जैन दद्दू, संजीव जैन संजीवनी एवं परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन सारिका जैन ने काव्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# इनरव्हील क्लब कोटा नॉर्थ का निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न

## कई मरीज जाँच करवाकर हुए लाभान्वित

**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

**कोटा।** इनरव्हील क्लब कोटा नॉर्थ एवं बरथुनिया नर्सिंग होम के संयुक्त तत्वावधान से गर्भवती महिलाओं और निःसंतानता से ग्रसित 45 महिलाओं की निशुल्क सी बी सी एवं विटामिन बी - 6, बी -12, बी -9 की जाँच करवाई गयी।डॉ निधि बरथुनिया ने बताया कि होमोसिस्टीन की मात्रा बढ़ने से बार बार गर्भपात होने की संभावना बढ़ जाती है।निसंतांता और पी सी ओ डी जैसी बीमारियों में भी होमोसिस्टीन की मात्रा बढ़ जाती है।इसका पता हम ब्लड टेस्ट के माध्यम से लगा सकते हैं। डॉ निधि ने बताया की फलों एवं सब्जियों में जैसे पालक, पत्ता गोभी इत्यादि में बी कॉम्प्लेक्स विटामिन भरपूर होता है, इसलिए हमें इनका सेवन नियमित रूप से करना चाहिए। इनर व्हील क्लब की सचिव डॉ विजेता, नीता सिंह गौर एवं डॉ सुशीला बरथुनिया, शहनाज परवीन ने महिलाओं को फल वितरित किये। क्लब अध्यक्ष श्रीमति अर्चना माथुर उपाध्यक्ष श्रीमति सरिता भूटानी एवं क्लब आई पी पी श्रीमति शिखा अग्रवाल ने शिविर को सफल बनाने पर क्लब की सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



# जैन सोशल ग्रुप सिद्धा ने झंडारोहण व तिरंगा रैली के साथ मनाया स्वाधीनता दिवस




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन नॉर्दन रीजन एवं जैन सोशल ग्रुप सिद्धा परिवार के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय महोत्सव 15 अगस्त पर प्रातः 9:30 बजे भट्टारक जी की नसियां अतिथि गृह प्रांगण में झंडारोहण (फ्लैग होस्टिंग) का कार्यक्रम रखा गया। सिद्धा परिवार के संस्थापक अध्यक्ष धीरज कुमार सीमा पाटनी, अध्यक्ष दिनेश नीलम काला, निवर्तमान अध्यक्ष निर्मल तारा पांड्या ने बताया कि कार्यक्रम में झंडारोहण नॉर्दन रीजन के चेयरमैन महेंद्र मंजू सिंघवी ने किया। इससे पूर्व प्रातः 8:15 एक विशाल रैली का आयोजन किया गया साथ ही सिद्धा परिवार के महिलाएं एवं बच्चियों ने देश भक्ति गीतों पर शानदार रंगारंग प्रस्तुति दी ।कार्यक्रम में गायक कलाकार संजय रायजादा (एबीसीएल फेम) ने देशभक्ति पर गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर सबके मन को देश भक्ति से सरोबार कर साथ ही झूमने पर नाचने पर मजबूर कर दिया। आज के इस विशेष कार्यक्रम में नॉर्दन रीजन के चेयरमैन महेंद्र मंजु सिंघवी, पूर्व चेयरमैन इंजीनियर राकेश रेखा जैन, सचिन महेंद्र गिरधरवाल, नॉर्दन रीजन चेयरमैन इलेक्ट राजीव अनिला पाटनी, डायरेक्टर सीएस जेन , डायरेक्टर डायरेक्टर मनीष झाझरी,नॉर्दन रीजन के सचिव सिद्धार्थ वर्षा जैन , राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष रचना बेद, नॉर्दर्न रीजन के पूर्व चेयरमैन संजय पांड्या नॉर्दन रीजन के पूर्व चेयरमैन एवं महानगर के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप जैन पूर्व अध्यक्ष रवि जैन दीपेश जैन अध्यक्ष संजय जैन जेएसजी हेरिटेज के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज जेएसजी मेट्रो के संस्थापक अध्यक्ष विनोद कोटखावदा जेएसजी अरिहंत के अध्यक्ष राजकुमार सोगानी जे एस जी गोल्ड के संस्थापक अध्यक्ष राकेश नीलू गोधा अध्यक्ष सुरेंद्र पाटनी जेएसजी संस्कार के अध्यक्ष सुशील छाजेड़ जेएसजी अरहम के संस्थापक अध्यक्ष प्रेम सिंघवी संगिनी फॉर्म की चेयरमैन श्वेता लुणावत के साथ पधारे सिद्धा परिवार के सभी दंपति सदस्यो के साथ सभी पदाधिकारियों का एवम सभी मान्यवर और महिला अतिथियों का सिद्धा परिवार के सचिव अंजन आकांक्षा जैन उपाध्यक्ष सौरभ रतिका गोधा सहसचिव सुरेंद्र संगीता छाबड़ा कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कविता काला ने हार्दिक स्वागत किया।



# मनाया ''तिरंगे संग लहरिया के रंग'' उत्सव




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भाजपा जयपुर शहर महिला मोर्चा की ओर से राजा पार्क स्थित भाटिया भवन में ''तिरंगे संग लहरिया के रंग उत्सव'' का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई तरह की रोचक प्रतियोगिताएं हुई,जिनमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला महामंत्री अमरावती शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला मोर्चा राष्ट्रीय सचिव व राजस्थान सह प्रभारी विजया ताई रहाटकरएवं राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पूजा कपिल मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण बागड़ी, प्रदेश महामंत्री एवं राजसमंद सांसद दीया कुमारी,भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी, प्रमुख समाजसेवी और कार्यक्रम मे सहयोगी गोविंद अग्रवाल ,प्रदेश महामंत्री सरिता गहना ,प्रदेश उपाध्यक्ष जयश्री गर्ग, राधा भारद्वाज,प्रदेश कार्यालय मंत्री सुमन मीणा, प्रवेश पदाधिकारी अंजू मिश्रा, शिखा वेद ,महिला मोर्चा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी जिला महामंत्री पिंकी अजमेरा, उपाध्यक्ष नीता यादव हेमलता पारीक पूनम तिलक रेखा सेन जिला मंत्री अंजना सेन, रजनी पांडे, हेमलता चैहान, अनीता सिसोदिया, जिला के अन्य पदाधिकारी ममता जाखोटिया, अंजू महेश्वरी, पुष्पा डागा, बीना शर्मा, मीना बनर्जी सहित मंडल के पदाधिकारी, वार्ड पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हुई प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भाग लिया।

# अंगदान करने वालों के परिजनों तथा देहदान की घोषणा करने वालों का हुआ सम्मान

**सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया**

सीकर।रक्तदान के क्षेत्र में तो सीकर अपनी एक अलग पहचान बनाने के साथ साथ अब देहदान में भी विश्व रिकॉर्ड बनाया है।सुधीर महरिया स्मृति संस्थान निदेशक, कार्यक्रम संयोजक एवं अंगदान देहदान मोटीवेटर बी एल मील ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में सुधीर महरिया स्मृति संस्थान, शेखावाटी चैरिटेबल ब्लड सेंटर, सीकर एवं राजस्थान ब्लड डोनर ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय अंगदान पखवाड़ा के समापन पर गुरुवार को जैन भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक देहदान अंगदान कार्यक्रम में एक साथ लगभग 132 लोगों ने देहदान की घोषणा कर विश्व रिकॉर्ड




बनाया।देहदानकर्ताओं द्वारा देहदान हेतु सभी के आवेदन पत्र श्री कल्याण राजकीय मेडिकल कॉलेज सीकर को सौंपें। आवेदन पत्रों की पूरी जांच के बाद मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग द्वारा उन्हें एक देहदान पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया । देहदान संकल्प कर्ता की मृत्यु होने पर उनके परिजनों द्वारा मेडिकल कॉलेज को सूचना दे कर तत्पश्चात शरीर रचना विभाग को देह सम्मान के साथ दान करनी होगी ।देहदान की घोषणा कार्यक्रम के बाद अब पूरी प्रक्रिया करके लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड, इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड एवं गिनीज बुक में रिकॉर्ड दर्ज होगा ।कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर निर्मल सिंह एवं उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशन में अंगदान जीवनदान महाभियान के पखवाड़े के समापन पर गुरुवार को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर पूरे कार्यक्रम को लाइव देखा ।देहदान एवं अंगदान के लिए सीकर के लोगों का उत्साह देखकर अतिरिक्त मुख्य सचिव काफी प्रभावित हुई । अतिरिक्त मुख्य सचिव ने देहदान की घोषणा करने वाले देहदान संकल्पकर्ताओं को संबोधित करते हुए इस पुनीत एवम महान कार्य की प्रशंसा की। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान के संयुक्त निदेशक एवं नोडल अधिकारी डॉ एस एन धौलपुरिया ने अपने संबोधन में सीकर के देहदान के इस एतिहासिक रिकॉर्ड को पूरे देश के लिए प्रेरणादाई बताया ।वक्ताओं ने अंगदान का महत्व बताते हुए कहा कि इससे दूसरे व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इसके लिए जनजागरूकता जरूरी है और इसे जारी रखा जाना चाहिए।

# गोधो के चोक में लहरिया उत्सव का भव्य आयोजन हुआ







**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जौहरी बाजार में हल्दियों के रास्ते के गोधो के चौक के मकान नंबर 581 के परिवार जनों द्वारा एक साथ मिलकर लहरिया उत्सव और स्वतंत्रता दिवस मनाया। परिवार की मुखिया 93 वर्षीय श्रीमती मुन्ना देवी गोधा के द्वारा भगवान महावीर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। परिवार की 5 पीढ़ी के 200 से ज्यादा सदस्यो ने एक साथ मिलकर आपस में सभी बच्चो का परिचय कराया। विभिन्न मनोरंजक गेम्स खेलें,सामूहिक गौठ का आनंद लिया, संयोजक सुधीर अलका गोधा में बताया कि सभी लोग आपस में बहुत समय बाद मिलकर बहुत आनंदित हो रहे थे। सभी ने एक दूसरे की कुशल क्षेम पूछी,और अंत में राष्ट्रगान से प्रोग्राम का समापन हुआ ।

# जे एस जी जनक ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, घाटी करोलन मे स्वाधीनता दिवस मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप जनक द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, घाटी करोलन मे स्वाधीनता दिवस पर झन्डारोहण का कार्यक्रम रखा गया । जहा तकरीबन 350 से ज्यादा बच्चे समारोह में उपस्थित थे। झन्डा रोहणके पश्चात स्कूल में जनक और जनक संगिनी परिवार की तरफ से वाटर कूलर , दरी ; पैन कॉपिया सेट कंप्यूटर सेट स्कूल में दिये। प्रोग्राम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों के साथ सभी मेंबर्स ने देश भक्ति पर डांस किए। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों एवम बच्चों ;स्कूल स्टाफ के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। जे एस जी जनक की अध्यक्ष रश्मि - अनिल जैन सचिव मनोज- स्मिता जैन संगिनी प्रेसिडेंट कविता-नवीन जैन, रोहित, विकास, सीमा, मनीष ठोलिया, गजेंद्र शिल्पी जुगल रेखा डॉ दीपांशु समृद्धि विवान आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे।



# दिगंबर जैन मंदिर विवेक विहार की अनूठी पहल

## मंदिर प्रांगण में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह का जश्न मनाया






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

धार्मिक परंपराओं को देखते हुए सामान्यतया मंदिरो में धार्मिक प्रोग्रामों के धूमधाम से मनाने का ही प्रचलन है । लेकिन पिछली बार की तरह इस बार भी श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विवेक विहार के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन आईआरएस तथा कार्यकारिणी सदस्यों ने स्वतंत्रता के 76 वर्ष पूरे होने पर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में 15 अगस्त को विवेक विहार जैन मंदिर प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम आयोजित कर एक अनूठी पहल की है। यूं तो आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम के संयोजक नरेश जैन और मंदिर कार्यकारिणी द्वारा 10 अगस्त को ही कर दी गई थी जब 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत हर घर में तिरंगा फहराने हेतु मंदिर से जुड़े सभी 250 परिवारों तथा आसपास की कॉलोनी के परिवारों को बहुत कम शुल्क पर झंडा प्रदान करने की व्यवस्था मंदिर में की गई । इसके परिणाम स्वरूप सभी जैन परिवारों ने अपने घरों में 14 अगस्त की शाम तक या 15 अगस्त को प्रातः ही झंडे लगा लिए और स्वतंत्रता दिवस के दिन सभी जैन घरों में झंडे लहराते हुए नजर आए ।



सभी को घर में फहराते हुए झंडे के साथ या मंदिर प्रांगण में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर अपनी सेल्फी या फोटो लेकर भेजने के लिए प्रेरित किया गया और बेस्ट सेल्फी के लिए पारितोषिक भी रखा गया जिससे कि अधिक से अधिक नवयुवको और बच्चों में घर में झंडा फहराने के प्रति उत्साह वर्धन हो। 15 अगस्त को ध्वजारोहण कार्यक्रम की शुरूआत से पहले सुबह 7.45 बजे जैन समाज के सभी धर्मावलंबी बंधुओं , महिलाओं और बच्चों ने हाथों में झंडा लिए हुए तिरंगा यात्रा में बहुत ही उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया ।संपूर्ण यात्रा में देश भक्ति के गीतों का गायन समाज के गायक कलाकार संजय जैन की अगुवाई में सभी लोगों ने जोश खरोश के साथ किया। ध्वजारोहण का मुख्य कार्यक्रम विवेक विहार दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त द्वारा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और मुख्य वक्ता परमात्म प्रकाश भारिल्ल की गरिमामयी उपस्थिति में तथा मंत्री सुरेंद्र पाटनी, कोषाध्यक्ष पारस छाबड़ा, सह मंत्री दीपक सेठी, संयोजक नरेश जैन मेड़ता, सहसंयोजक अमित ठोलिया, पंकज रारा, आशीष शाह, सौरभ लुहाडिया, अनिल पाटनी और सभी कार्यकारिणी सदस्य। महिला मंडल के पदाधिकारी तथा समाज के सभी सदस्यों, महिलाओं, नव युवकों और बच्चों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की संचालक अलका पांड्या तथा महिला मंडल की सदस्यों ने स्वयं और बच्चों द्वारा देश भक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत कर सभी उपस्थित लोगों को देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया । अनिल जैन, आई आर एस ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी धर्मों से पहले अपना राष्ट्र धर्म है क्योंकि राष्ट्र रहेगा तभी तो हमारा धर्म रहेगा, तभी तो हमारा समाज स्वतंत्रता से जी सकेगा । उन्होंने सशक्त भारत, समृद्ध भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में सभी सदस्यों को अपना योगदान देने के लिए आव्हान किया। उन्होंने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले कई जैन वीरों की शौर्य गाथाओं के बारे में बताया जो अपने देश प्रेम के जुनून का निर्वाह करते हुए राष्ट्र के लिए शहीद हो गए । उन्होंने चिर परिचित वीरों के साथ साथ इन सभी जैन वीरों को भी जैन समाज की ओर से नमन करने का आह्वान किया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया आजादी का जश्न

## अद्भुत व सुन्दर लाल किला प्राचीर प्रतिकृति पर आचार्य विवेक सागर महाराज ने दिये मार्मिक उद्बोधन

**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

अजमेरा। श्री दिगम्बर जैन मुनि संघ सेवा समिति के तत्वावधान एवं आचार्य विवेक सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में पंचायत छोटा धड़ा नसियां में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक बन्धुओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण समिति अध्यक्ष सुशील बाकलीवाल एवं धर्मध्वजारोहण पंचायत अध्यक्ष दिनेश पाटनी द्वारा किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान का संगान किया गया। लाल किले की प्राचीर प्रतिकृति पर आचार्य विवेक सागर महाराज के मार्मिक उद्बोधन में कहा भारत एक ऐसा देश



है जहां अनेको धर्म मत परंपराओं सम्प्रदायो के लोग एक साथ प्रेम से रहते है हर प्रांत की अपनी अपनी भाषा परम्परा व पद्धतिया है स्वतंत्र होने पर सारी सुविधाएं निश्चित कर धर्म निरपेक्ष राज्य की स्थापना की गई यह नहीं कि धर्म को देश राष्ट्र या शासन प्रशासन नहीं मानता बल्कि सभी धर्मों पर शासन समान अधिकार आदर सम्मान देता है,हमे देश के प्रति सदैव समर्पित रहना चाहिए। मंगल कलश स्थापनाकर्ता राजकुमार सोगानी,प्रसन्न बड़जात्या,ललित - उषा गोधा,सुन्दर लाल किला की प्राचीर प्रतिकृति बनाने के मुख्य सहयोगी अजय सेठी,मंडप उद्घाटनकर्ता सुनील ढिलवारी परिवार, बन्दी भाईयों को वस्त्र भेंटकर्ता राजीव निराला परिवार , श्री ज्ञानोदय तीर्थ गौशाला को उत्कृष्टता प्रदान करने में गौशाला प्रभारी वीरेंद्र जैन बढारी (टोनी भाई) व समारोह की सम्पूर्ण सुन्दर व्यवस्था करने वाली टीम के ललित पाण्डया, गौरव लुहाड़िया,लोकेश ढिलवारी,सुनील जैन आदि का समिति के अध्यक्ष सुशील बाकलीवाल, विनय पाटनी आदि ने माला, साफा पहनाकर पहनाकर स्वागत किया। सुन्दर मंच संचालन नरेन्द्र गोधा,लोकेश ढिलवारी ने किया। प्रात समारोह समापन पश्चात सुशील कुमार - दीपक बाकलीवाल परिवार द्वारा सभी को अल्पाहार दिया गया ।